हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 स्वस्थ जीवन के लिए खेलों को दें महत्व : पारस



13 सुशासन तिहार शिविर स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण










## खबर संक्षेप

### जिले ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान में किया उत्कृष्ट कार्य

**गरियाबंद।** जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम अंतर्गत टी.बी. मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार वितरण हेतु कलेक्टर के निर्देश अनुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को सम्मानित करने हेतु राज्य स्तरीय सम्मान समारोह अटल बिहारी वाजपेयी सभागार मेडिकल कॉलेज रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल स्वास्थ्य छ.ग. शासन, अमित कटारिया, सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं डॉ. प्रिंयका शुक्ला आयुक्त सह संचालक सह मिशन संचालक के द्वारा जिला गरियाबंद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री बी एस उइके ने उक्त सम्मान के लिए सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग गरियाबंद को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में डॉ. टी.सी. पात्रे प्रभारी सिविल सर्जन, डॉ. अमन हुमने, जिला क्षय अधिकारी, श्री गनपत कुमार नायक, डीपीएम, डॉ. योगेन्द्र रघुवंशी, डॉ. शंकर पटेल, डॉ. देवेन्द्र साहू, श्रीमती अन्नू विश्वकर्मा टीबी यूनिट से भूपेश साहू, भारत सिंह ठाकुर, अमृत भोंसले, धीरज कुमार शर्मा, टीकेश साहू, शिव साहू, संतोष साहू, अशोक कंवर, रत्नेश साहू, ललित देवागंन, एवं समस्त टी.बी. स्टॉफ उपस्थित रहे।

### मैनपुर विकासखण्ड में सुशासन शिविर 6 मई से

**मैनपुर।** जनपद पंचायत मैनपुर से मिली जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार के तहत मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 6 मई से 28 मई तक पांच स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 74 ग्राम पंचायतों के लोगो शामिल होंगे। 06 मई को अमलीपदर में शिविर का आयोजन किया गया है। 11 मई को गोहरापदर, 17 मई शनिवार को खोखमा, 22 मई को शोभा एवं 28 मई को मैनपुर नगर में शिविर का आयोजन किया गया है।

### आम खाने पेड़ पर चढ़ा, तार की करंट से मौत

**महासमुंद।** बोरवेल के विद्युत तार की चपेट में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौंसरा निवासी संदीप साहू (19) पौंसरा -बरपेलाडीह मार्ग स्थित तालाबनुमा डबरा में नहाने गया था।

**मौसम : जगह-जगह गिरे पेड़, होर्डिंग्स और मकानों के छप्पर उड़ गए**

# तूफान का कहर; फसलें चौपट, बिजली व्यवस्था ठप






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में बुधवार की शाम करीब 5 बजे अचानक तेज आंधी-तूफान ने दस्तक दी और जिले के अधिकांश हिस्सों में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के साथ आई इस प्राकृतिक आपदा ने कई स्थानों पर पेड़-पौधों को जड़ से उखाड़ दिया, वहीं कच्चे और टीन शेड वाले मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई घरों के छप्पर उड़ गए और लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। तूफान के साथ ही गरियाबंद जिले में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। कई जगहों पर बिजली के खंभे गिर गए हैं और तार टूट गए हैं। खबर लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर रात के समय अंधेरा और गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

तूफान और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी रबी की फसलें भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खासकर गेहूं, चना और मसूर की फसलें गिर गई हैं या मलबे में दब गई हैं। इससे पहले ही मौसम की मार झेल रहे किसानों को एक और झटका लगा है। कई किसानों ने बताया कि उन्हें इस सीजन की पूरी फसल से हाथ धोना पड़ सकता है।

### तूफान और बारिश से भारी नुकसान, बिजली आपूर्ति बाधित

**मैनपुर।** इन दिनों मौसम का मिजाज एकदम बदल सा गया है कभी भी अचानक बारिश और तेज धूप से लोग परेशान हो गए हैं। गुरूवार को शाम 5 बजे मैनपुर क्षेत्र में अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते तेज आंधी- तूफान के साथ झमाझम बारिश होने लगी। आंधी- तूफान और बारिश के करण नेशनल हाइवे सहित कई मार्गों में जगह-जगह पेड़ वृक्ष गिर गए हैं जिससे आवागमन बाधित हो गया है तो बिजली के मुख्य तार में पेड़ और टहनी गिरने से मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में शाम से बिजली बंद हो गई है जो देर रात समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र के ग्राम अंधेरे में डुबा हुआ है। आंधी-तूफान इतना तेज गति था कि कई होडिंक्स उड़ गए कई मकानों के छप्पर उड़ गए और इन दिनों शादी विवाह का दौर चल रहा है। गांव-गांव शादी हो रही है शादी विवाह के पंडाल उड़ गए जिसके चलते जन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। मैनपुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचने वाले सड़क में जगह-जगह पेड़ के डंगाले और बड़े-बड़े वृक्ष गिर गए हैं जिससे आवागमन बाधित हो गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति चिंताजनक

जिले के ग्रामीण इलाकों जैसे कि छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर, देवभोग और आसपास के गांवों में पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए सड़क मार्ग भी बाधित हो गया है। कई रास्तों पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। ग्रामीणों को रात गुजारने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी।

### मुआवजे की मांग

प्रभावित लोगों और किसानों ने सरकार से तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते राहत नहीं मिली, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

# स्काउट-गाइड्स ने निकाली साइकिल यात्रा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



हीरक जयंती के अवसर पर जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्काउट-गाइड्स द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला गरियाबंद में हीरक जयंती वर्ष का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश पर, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में, डीओसी स्काउट आशीष साहू और डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में आयोजित की गई। रैली को डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा एवं जिला संघ की उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली छिंद तालाब, गौरव पथ, भूतेश्वर महादेव मार्ग होते हुए तिरंगा चौक से होकर सेजेस इंग्लिश मीडियम स्कूल में समाप्त हुई। लगभग 5 किलोमीटर लंबी इस रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैनर, पोस्टर, तख्तियों और पाम्पलेट्स के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए गए, जिससे नगरवासियों में जागरूकता फैली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि जल जैसे महत्वपूर्ण ▶▶| शेष पेज 12 पर


## आज तेरहवीं



जन्म
02 अक्टूबर 1949

निर्वाण
20 अप्रैल 2025

**स्व. खोवालाल शर्मा**
एमए संस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक, पाण्डुका

**तेरहवीं एवं शांति भोज**

आज दिनांक 2 मई 2025, शुक्रवार, प्रात: 11:00 बजे से
कार्यक्रम स्थल : शर्मा निवास परिसर पांडुका
उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए आप हमारा निवेदन स्वीकार करें।

विनीत
दुष्यंत शर्मा (पुत्र)
दीपक शर्मा (पुत्र)
एवं शर्मा परिवार - ग्राम पांडुका, जिला गरियाबंद

टीप - जिन्हे शोक पत्र न मिल पाया हो कृपया इसे ही स्वीकार कर पधारने की कृपा करें।


**सुबह 5 बजे से शुरू होती है मेहनत**

# तेंदूपत्ता ग्रामीणों की आजीविका का अहम हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणो का आय का मुख्य साधन के रूप मे वनोपज को माना जाता है और पूरे सालभर विभिन्न प्रकार के वनोपज के माध्यम से जीविका उपार्जन होता है वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला तेंदुपत्ता का संग्रहण कार्य मैनपुर क्षेत्र में 1 मई से प्रारंभ हो गया है। इस बार सरकार द्वारा तेन्दुपत्ता की राशि बढ़ाये जाने से ग्रामीण सुबह से उत्साह के साथ तेन्दूपत्ता तोड़ने के कार्य मे जुट गए हैं, तेन्दुपत्ता की अच्छी पैदावार इस वर्ष होने के कारण ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं, ग्रामीण ईलाकों के गांवों में तेन्दूपत्ता तोड़ाई के कारण दिनभर सन्नाटा पसरा रहा है। ग्रामीण जंगलों की तरफ रूख कर रहे है, भीषण गर्मी के दिनों में धूप ज्यादा होने के कारण सुबह 5 बजे से ही तेन्दूपत्ता तोड़ने में उन्हे ज्यादा आसानी होती है और दोपहर एक बजे तक घर पहुंचकर तेन्दूपत्ता को गड्डी बनाकर फड़ों में लाने का सिलसिला जारी हो जाता है। हरा सोना कहलाने वाले तेन्दुपत्ता संग्रहण शुरू हो गई है। विष्णुदेव सरकार ने तेंदुपत्ता का दर बढ़ाया है। इस वर्ष तेंदुपत्ता संग्रहण प्रति मानक बोरा 5500 किया गया है। हर साल गर्मी के सीजन में वनांचल में निवास करने वाले हजारों -लाखों परिवारों को तेन्दुपत्ता तोड़ाई से रोजगार मिलता है। सुबह से ही लोग परिवार के साथ जंगल में निकल जाते है और तेन्दुपत्ता एकत्रित करते हैं उनकी आय का बड़ा जरिया तेन्दुपत्ता संग्रहण है ऐसे में मजदूरी बढ़ाकर 5500 रूपये करने से ग्रामीणों के चेहरे में रौनक देखी जा रही है। ज्ञात हो कि ग्राम हरदीभाठा, मैनपुर, गोपालपुर, भाठीगढ़, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, बोईरगांव, कोकड़ी, गरहाडीह, तौरेंगा, शोभा, गौरगांव, अड़गड़ी, गोना, कुचेंगा, भुतबेड़ा, फरसरा, धरनीधोड़ा, झरगांव, बुरजाबहाल क्षेत्र के ग्रामो में हरा सोना की खरीदी प्रारंभ हो गई है, और सुबह से ग्रामीण हरा सोना एकत्र करने जंगल के तरफ निकल पड रहे है।

### संग्राहकों को चरण पादुका का इंतजार

जंगल में वनोपज संग्रहण करने के लिए जाने वाले संग्रहको को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की तत्कालीन सरकार द्वारा तेंदुपत्ता संग्रहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना की शुरूआत की गई थी इसके तहत तेंदुपत्ता संग्रहण करने वाले परिवारों को चरण पादुका दी जाती थी लेकिन प्रदेश में कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार फिर से अब इस योजना को शुरू करने वाली है जिसके तहत संग्रहको को चरण पादुका वितरण किया जायेगा लेकिन अभी तक चरण पादुका वितरण नहीं हुआ है जिसके चलते कई परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का द्वितीय चरण प्रारंभ

**फिंगेशवर।** गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के प्रथम चरण के बाद 25 अप्रैल को गौ शाला फिंगेशवर में अध्यक्ष डॉ. हरित की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रथम चरण के यात्रा की समीक्षा की गई। 2 मई को सुबह 7 बजे मड़वाडिह, 8 बजे बिजली, 10.30 बजे खुड़ियाडिह, 11 बजे खुटेरी व सिर्री 12.30 बजे दोपहर भोजन होगा। उसके बाद अपरान्ह 3 बजे छुईहा, 4 बजे चरोदा, 5 बजे बारूला में प्रज्ञा भारती की सभा में शामिल होंगे। गौ जन जागरण समिति ने लोगों से अपील की है कि प्रखर वक्ता डा. प्रज्ञा दीदी की ग्राम बारूला बजरंग चौक में आयोजित सभा में अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



**इनकी रहेगी मौजूदगी**

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि सह संयोजक भुनेश्वर साहू,जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू,सभापति जिला पचायत नंदनी ओंकार साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू एवं पंचकोशीय धाम गौशााला के अध्यक्ष डा. चंद्रशेखर हरित होंगे।

### राजधानी में शुक्रवार को मनाया जाएगा सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के तत्वाधान में सुधांशु महाराज का 70 वां जन्म महोत्सव 2 मई को मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि इस अवसर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जो साधक विजय सचदेव के निवास आनंदम वर्ल्ड सिटी, कचना रायपुर से 6:30 बज प्रारंभ होगी। प्रभात फेरी में सुधांशु महाराज के जनकल्याण की बातों का प्रचार करेंगे और साधकगण गुरु वंदना कर सदगुरू को पुष्प अर्पित करेंगे। इसी दिन शाम को 5 से 7 बजे ब्रम्हलोक आश्रम में उत्सव संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साधकों द्वारा चरण पादुका पूजन, गुरु पूजन, गुरु वंदना और गुरु आरती की जायेगी । विश्व कल्याण के लिए 5 माला महामृत्युंजय मंत्र व 5 माला गायत्री मंत्र का जाप किया जायेगा।

### 'स्वरांजलि भजन संध्या' गायकों ने सुंदर भजन गाकर सभागार को बना दिया भक्तिमय

**रायपुर।** सीनियर सिटिजन्स वेलफेयर फोरम द्वारा गत दिनों स्वरांजलि भजन संध्या का कार्यक्रम एवं फोरम की विशेष साधारण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री मदन चौहान ने बहुत सुंदर कर्ण प्रिय तीन भजन प्रस्तुत कर फोरम के उपस्थित सदस्यों मंत्र मुग्ध होकर तालियां बजाकर भरपूर आनंद उठाया। साथ ही विशेष साधारण सभा में फोरम के लेखा जोखा, (2024-25) आगामी अनुमानित बजट (2025-26) को एचएन राणा कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। फोरम अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने नियमावली संशोधन प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया, सुझाव, चर्चा के बाद सदस्यों ने पारित किया।

पेज 11 का शेष...

### स्काउट-गाइड्स ने...

संसाधन का संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, अन्यथा भविष्य में जल को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। अध्यक्षता कर रहीं अनुविभागीय अधिकारी ऋषा ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल स्वास्थ्य बल्कि आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथियों में मिलेश्वरी साहू पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, प्रीतम सिन्हा उपाध्यक्ष स्काउट गाइड संघ, केसर निर्मलकर अध्यक्ष, सेजेस इंग्लिश मीडियम स्कूल, दीपक कुमार बौद्ध प्राचार्य, यूके.नेताम जिला क्रीड़ा अधिकारी, सुरेन्द्र सोनटेके व सूरज सिन्हा पार्षद शामिल रहे। रैली में सेजेस इंग्लिश व हिंदी मीडियम स्कूल, कन्या शाला गरियाबंद, दर्रीपारा, फुलकर्रा एवं सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद के स्काउट-गाइड्स एवं रोवर-रेंजर्स शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र ठाकुर, लुकेश्वर प्रधान, वर्षा पटेल, रूपा साहू, किरण सारथी, धर्मेंद्र कुमार (सेजेस), एवं सुश्री किरण नंद का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू द्वारा दी गई।

---

**प्रतियोगिता : क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण किया गया**

# स्वस्थ जीवन के लिए खेलों को दें महत्व : पारस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर में पहली बार अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में किया गया। जिसमें प्रदेश सहित अन्य प्रदेशो से कुल 24 टीमों ने भाग लिया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। बारिश थमने के बाद देर रात फाइनल मैच साची इलेवन गरियाबंद एवं डीजे ब्रदर्स धरसीवा रायपुर के बीच खेला गया। इस फाइनल मैच में विजेता साची इलेवन गरियाबंद को 1 लाख 51 हजार रूपये नगद एवं ट्राफी एवं द्वितीय पुरस्कार डीजे ब्रदर्स धरसीवा रायपुर को 75 हजार रूपये एवं ट्राफी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व उपाध्यक्ष पारस ठाकुर एवं अध्यक्षता नगर पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जनपद सदस्य जमुना नेगी, ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के सरपंच पुष्पा नेगी, ग्राम पंचायत हरदीभाठा के सरपंच मालती बाई, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाजपा के वरिष्ठ नेता तुलसी राठौर, उपसरपंच पार्वती नागेश, वरिष्ठ व्यवसायी हाजी गफ्फु मेमन, डाके"वर नेगी, सिरिश तिवारी, युवा नेता युवराज नेताम, राजेश सोनी, हुलार ठाकुर एवं एमपीएल प्रीमियम लीग के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, पंडित नंदकिशोर चौबे, रसीद खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पारस ठाकुर ने कहा की खेल में अनुशासन बहुत जरूरी है अनुशासन के साथ खिलाड़ी अपने लक्ष्य को पूरा करे हमारे जिले में खेल प्रतिभाओ की कमी नहीं है। इस तरह के खेल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों को सामने आने का अवसर मिलता है। नगर पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा की खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए हार और जीत खेल में लगा रहता है खेल से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है।



**इंपायर ने अपने खास अंदाज से दर्शकों का मन मोहा**

इस अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ओड़िशा से विशेष इंपायर बुलाया गया था जिसका नाम पयोद कश्यप है इसके खास अंदाज से इन्होने खिलाड़ियों और दर्शकों का दिल जीत लिया। फाइनल मैच के दिन भारी बारिश के बावजूद खिलाड़ियों और आयोजक टीम का उत्साह कम नहीं हुआ बारिश के दौरान पूरे पीच को त्रिपाल से ढक दिया गया और देर रात बारिश बंद होने के बाद फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच को देखने हजारो की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे फाइनल मैच होते ही पुरस्कार वितरण के दौरान आसमान में रंग बिरंगे आतिशबाजी किया गया।

**खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा**

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की यह क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। श्री नेताम ने कहा खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है यह हमे स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शारीरिक विकास का भी माध्यम है।




आयोजक टीम के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने इस भव्य आयोजन में पूरे क्षेत्र के लोगों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजू सोनी, सूरज राव, डाकेश्वर नेगी, सचिव पंडित नंदकिशोर चौबे, सहसचिव नजीब बेग, उपेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष गफफु मेमन, संरक्षक रसीद खान, खन्ना रामटेके, शेख हसन खान, केशव बन्छोर, मो ईशाक मेमन, जगदीश गुप्ता, जाहीद भट्टी, टीकम पटेल, ओशिष साहू, रूपेश साहू, नेलशल बाघमार, उमेन्द्र निर्मलकर, टीकम देववंशी, अमीर मेमन, कोमल साहू, आरीफ खान, कुणाल ठाकुर, आमीन हुसैन, टिंकु नागेश, देवचरण निर्मलकर, उपेन्द्र धुरव, गोविंदा सोनवानी, टिंकु धुव, खोवालाल जगत, गौकरण उपस्थित थे।

---



### घुमरगुड़ा में मनाया गया मजदूर दिवस

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत घुमरगुड़ा में मजदूर दिवस मनाया गया। सरपंच रजनी ठाकुर एवं जनपद सदस्य देवेन्द्र ठाकुर ने मनरेगा मजदूरों का मुंह मीठा कराया। सरपंच ने कहा की मजदूर ही विकास के आधार स्तंभ है। आज मजदूर दिवस पर घुमरगुड़ा पंचायत में मजदूरों का सम्मान कर मजदूर दिवस मनाया गया। जनपद सभापति देवेंद्र ठाकुर एवं उनकी पत्नी सरपंच रजनी ठाकुर ने मजदूरों का सम्मान किया। पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कार्यरत 280 मजदूर को एक जगह बिठाया गया। वहीं जनपद सभापति देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि मेरे पंचायत से अब मजदूरों को अब मजदूरी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।पंचायत 100 दिन तक रोजगार दिलाने का निश्चय लिया है।

## सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सोनी को सम्मान कर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा-कौंदकेरा

प्राथमिक शाला बालक कोपरा एवं शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला कौंदकेरा में प्रधानपाठक मुरारी लाल सोनी के सेवानिवृत्त होने पर शाला स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं श्रीफल फोड़ कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं गुलाल से किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुरारी लाल सोनी ने अपने 38 वर्ष 2 माह के सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि यह लंबा समय कैसे बीत गया, इसका अहसास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षक को पहले बच्चों के मन से भय मिटाकर उन्हें मित्रवत शिक्षा देनी चाहिए, ताकि वे सहज रूप से सीख सकें। उन्होंने अपने अनुभवों को अमूल्य बताते हुए कहा कि बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों के साथ बिताए पल उन्हें जीवन भर याद रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कौंदकेरा के समस्त विद्यालयों के लिए सांस्कृतिक वेशभूषा हेतु सहयोग राशि भी प्रदान की। संकुल समन्वयक नरेश साहू ने कविता के माध्यम से श्री सोनी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति महिला एवं बाल विकास नंदनी ओंकार साहू ने शिक्षक के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरु गोविंद दोऊ खड़े... दोहे के माध्यम से गुरु की महिमा बताई। प्रधानपाठक श्रीमती अन्तेश्वरी निराला ने छत्तीसगढ़ी बोली में भावपूर्ण विदाई गीत प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती राधिका मनोज यादव, असरपंच चमेली भूषण साहू, जनपद सदस्य रूपेश्वरी कुर्रे, पंच श्रीमती पूनम निर्मलकर, सोसाइटी अध्यक्ष बाबूलाल साहू, एसएमसी सदस्य कोमल घोघरे, तेजराम यादव, बिजेंद्र साहू एवं श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी उपस्थित रहीं। अध्यक्षता प्रभारी प्रधान पाठक शोभा राम साहू ने की।

श्री साहू ने कहा कि एक शिक्षक जीवन भर समाज को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। विज्ञान शिक्षक देविका वर्मा ने कहा कि श्री सोनी के आदेशों में भी मधुरता थी, जिससे सभी शिक्षक सहजता से उनका पालन करते थे। कार्यक्रम का संचालन रेखा राजपूत ने किया और आभार प्रदर्शन शांति साहू ने किया। अंत में शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, कलम, डायरी एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर श्री सोनी का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों, ग्रामवासियों और रसोइयों ने भी सम्मान व्यक्त किया।



**समारोह में मुरारी लाल के कार्यों को किया गया याद**

---

## चोरों ने मचाया उत्पात, देख लिया तो ईंट से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ लगातार एक सप्ताह से घर में कर रहे थे छोटी-मोटी चोरी

उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव में एक चोर गिरोह एक मकान में लगातार एक सप्ताह तक छोटी-मोटी चोरी कर रहा था। मकान मालिक ने एक दिन चोरों को देख लिया, तो चोरों ने मकान मालिक के सिर पर ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ईंट के हमले से घायल कारोबारी के सिर में 12 टांके लगे हैं। बिरगांव, जागृति नगर निवासी सजल गर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर गिरोह उसके घर में लगातार छोटी मोटी चोरी कर रहा था, जिसकी उसने पेट्रोलिंग टीम के पास मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद पेट्रोलिंग टीम पेट्रोलिंग करने पहुंची भी, लेकिन चोरों के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई।

**घटना उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव क्षेत्र की**



### 'ईगल प्रोजेक्ट' पर गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर में फॉग्सी के "ईगल" प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो दिवसीय गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुष्मान एंडोस्कोपी ऑपरेशन थियेटर आंबेडकर अस्पताल में संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान कुल 10 विविध और दुर्लभ मामलों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिनमें टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी, ऐशरमैन सिंड्रोम के लिए डायग्नोस्टिक एवं थैरेप्यूटिक हिस्टेरोस्कोपी, ओवीरा सिंड्रोम का एक अत्यंत दुर्लभ मामला, डिम्बग्रंथि मरोड़ और एक्टोपिक प्रेगनेंसी जैसी स्थितियाँ शामिल थीं। ऑपरेशन और शैक्षणिक व्याख्यान मुंबई से आमंत्रित दो प्रसिद्ध गेस्ट ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. अनुराग भाटे और डॉ. एग्बर्ट सलदान्हा द्वारा पूरा किया गया। कार्यशाला प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई।

## राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने हुई बाध्य

■ आरएसएस, भाजपाई जिसे देश को बांटने की साजिश बताते थे अब उसी हुए बाध्य- बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है।

मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंततः कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है। पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन से समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं? सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और हम सबके नेता राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़िश बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है।





---

**किसानों ने विधायक मिल मुआवजा की मांग की**

## कौंदकेरा में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

क्षेत्र के कौंदकेरा, रोहिना, सेम्हराडिही, क्षेत्र के कई गांवों में गुरुवार की संध्या अचानक मौसम ने करवट ले ली। दोपहर करीब एक बजे के बाद गर्म हवाओं के साथ शाम 5-6 बजे तेज धूल भरी आंधी चलने लगी, जिससे कौंदकेरा क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कुछ ही देर में आंधी के बाद आसमान से ओले गिरने लगे। अचानक हुई ओलावृष्टि से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ओलों के साथ हल्की बारिश भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। जिला पंचायत सभापति नंदनी और उनके पति ओमकार साहू त्वरित फोन कर क्षेत्र के कार्यकर्ता से जानकारी ली। कौंदकेरा क्षेत्र में गुरुवार को ओलावृष्टि और आंधी की वजह से क्षेत्र के किसानों को धान की फसल को भारी नुकसान की आशंका है। भाजपा नेता हाई स्कूल अध्यक्ष ओमकार साहू, भाजपा नेता सरपंच बारूला सुकदेव साहू संग सैकड़ों किसान राजिम विधायक रोहित साहू निवास पहुंचकर शासन से मुआवजा दिलाने की मांग आवेदन दिया गया।

**एक सप्ताह के भीतर सर्वे रिपोर्ट देने के निर्देश-** इधर विधायक ने किसानों की चिंता करते व गंभीर स्थिति देख तुरन्त अनुविभागीय अधिकारी राणा को फोन कर क्षेत्र का नुक़सान पहुंचे फसल का अवलोकन करने निर्देश किया। परिणाम स्वरूप पटवारी भी सक्रिय हो गये है। एक सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट शासन तक पहुंचाने का निर्देश मिला है। वहीं इस आंधी की चपेट में आम, और अन्य खड़ी फसलों के नुकसान की आशंका सता रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर मुआवजे की मांग की है। इस दौरान ओंकार साहू प्रतिनिधि जिला पंचायत गरियाबंद, दिनेश साहू प्रतिनिधि जनपद पंचायत फिंगेश्वर, सुखदेव साहू सरपंच बारुला, मकसूदन साहू भाजपा नेता, बाबूलाल साहू सहकारी समिति अध्यक्ष, ताराचंद साहू, तोरण साहू, इंदरमन साहू, शेखर साहू, परस साहू, उत्तम सोनवानी, चुम्मन साहू, यादराम साहू, गजेंद्र साहू, लोकेश साहू, शीतल साहू एवं अधिक संख्या में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों किसान उपस्थित एवं आवेदन में हस्ताक्षर करने वाले में शामिल हैं।



## कलेक्टर उइके ने समाधान शिविर के तैयारियों का जायजा लेने किया दौरा



**छुरा।** कलेक्टर बीएस उइके ने 05 मई से आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की तैयारियों का जायजा लेने छुरा क्षेत्र के रसेला, मुड़ागांव, चरौदा एवं मड़ेली पहुंचे। उन्होंने सभी जगह के शिविर स्थलों में जाकर आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी जगह छायेदार स्थानों को शिविर के लिए चिन्हांकित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर स्थलों में व्यवस्थित रूप से सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। गर्मी के मौसम को देखते हुए छायेदार जगहों में ही शिविर आयोजित की जाये। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों के लिए पानी एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था की भी तैयारी सुनिश्चित कर ले। उन्होंने इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत, छुरा एसडीएम नेहा भेड़िया, सीईओ सतीश चन्द्रवंशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## नौनिहालों के भविष्य पर ध्यान दें सरकार : मंगलमूर्ति

**मुड़ागांव(कोरासी)।** यदि सरकार वास्तव में नौनिहालों का भविष्य संवारने के लिए प्रतिबद्ध है तो प्रदेश के शालाओं मे कक्षावार व विषयवार पर्याप्त संख्या में शिक्षक नियुक्त होना चाहिए, यदि इसके विपरित विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए शिक्षकों की संख्या घटाने संबंधी युक्तिकरण जैसा कोई भी फरमान जारी किया जाता है तो इसका प्रत्येक



स्तर में कड़ा विरोध होगा। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मंगलमूर्ति ने संगठन के माध्यम से राज्य सरकार की नई युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 का स्मरण कराते हुए प्राथमिक शालाओं में प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक तथा माध्यमिक शालाओं में विषयवार पर्याप्त शिक्षक नियुक्त किए जाने की मांग की है। इस संबंध में संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में संगठन की ओर से पत्र लिखकर बयान जारी कर कहा कि एक ओर सरकार शिक्षा में गुणवत्ता की बात करती है। वहीं प्राथमिक माध्यमिक स्तर पर विषय वार एवं कक्षा वार शिक्षकों की संख्या निर्धारित करने के बजाय दर्ज संख्या के हिसाब से युक्तिकरण करने की प्रक्रिया अपना कर प्रधान पाठक के हजारों पदों को समाप्त करने तथा नवीन पदों की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की अघोषित तैयारी में है। इस तरह सरकार सैकड़ों बेरोजगारों तथा कर्मचारी हित पर कुठाराघात करने का प्रयत्न कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। संघ के कन्हैयालाल, छगन लाल, बंशीलाल, उत्तम कुमार, गौकरण,बेदराम शत्रुघ्न यादव ,संतोष विश्वकर्मा, प्रकाश साहू, पंकज दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस युक्तिकरण नीति का तीव्र विरोध करते हुए इसे स्थगित करने की तथा लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति, स्थानांतरण, 55% महंगाई भत्ता तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करते हुए पेंशन दिए जाने की मांग की है।

## सरकार सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही : नेताम

**मैनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओ को मिल रहा है जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रही है। उन्होने आगे कहा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के प्रयास से प्रधानमंत्री आवास के



तहत आज गांव –गांव पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा है गरीबो के सपनो को साकार करने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। उन्होने कहा भाजपा लोकतंत्र आधार विकास मूलमंत्र के सिद्धांत पर कार्य करती है राज्य सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। उन्होने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है और सवारने का कार्य विष्णुदेव सरकार द्वारा किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय का सुशासन के चलते आज छत्तीसगढ़ में जो कल्याणकारी योजनाओ का लाभ आम जनता को मिल रहा है इससे लोगो के समाजिक आर्थिक स्तर में परिवर्तन दिखाई दे रहा है यह भाजपा की योजनाओ का लाभ है।

### बैठक : गौ उत्पाद और गौ पालन के प्रति लाए जागरूकता

# प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए गाय आवश्यक : आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने कलेक्टोरेट में ली बैठक

राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर गाय के विभिन्न महत्व को बताते हुए आमजन को जागरूक करने कहा। श्री पटेल ने गो वंश के जागरूकता अभियान में गौ शालाओं तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से भी भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पांडे, प्रकाश राजपूत उप संचालक पशुधन विकास विभाग ओ पी तिवारी, पशु चिकित्सक गण, कृषि, राजस्व विभाग के अधिकारी सहित जिले के गौशाला संचालक गण भी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने बैठक में गौ माता के विभिन्न महत्वों के बारे में बताया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गाय के दूध के साथ उनके गोबर एवं मूत्र भी फायदेमंद होते है। इसमें विभिन्न प्रकार के लाभदायक जीवाणु पाए जाते है।



**लोगों को करें जागरूक**

श्री पटेल ने कहा कि लोगों को गाय के संरक्षण एवं आश्रय के लिए जागरूक किया जाए। जिससे सड़कों में कोई भी मवेशी निराश्रित न रहे। उन्होंने कहा कि मवेशियों के बेहतर रख रखाव एवं संरक्षण के लिए सरकार गो धाम योजना ला रही है। इसके माध्यम से पशुओं के रखरखाव के लिए सुविधाएं विकसित की जाएगी।



## पिपरछेड़ी में धूमधाम से मनाया अक्षय तृतीया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पिपरछेड़ी(जतमाई) मे अक्षय तृतीया का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अक्षय तृतीया पर गांव -गांव में अक्षय तृतीया के एक दिन पुर्व से गांव की बालिकाएं शादी कि तैयारी में लगे थे और गुड्डे- गुड़ियां की शादी रचाई गई। बच्चे और बड़े गीत गाते और नाचते नजर आए। खासकर बच्चों में अक्षय तृतीया पर खास उत्साह देखा गया, आज के दिन किसानों ने अपने खेतों में पहुंच कर धान की बुआई का काम भी किया। बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडप सजाया। गली मोहल्लों में बच्चों ने मंडप सजाकर विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़यि की शादी रचाई। इस दौरान बाजे की धुन पर भी बच्चे थिरकते दिखे बच्चों ने गुड्डे-गुड़यिों के ब्याह का निमंत्रण बड़ों को भी दिया साथ ही ठिकावन मे लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## विप्र समाज ने मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

**मैनपुर।** अक्षय तृतीया पर मैनपुर विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव वन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना कर महा आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के संजय त्रिवेदी, योगेश शर्मा, विनोद त्रिपाठी, मोहित द्विवेदी, राकेश दुबे, घनश्याम पांडे, दीपक शर्मा, नीरज तिवारी, गोलू त्रिवेदी, अंशुत्रिवेदी, देवव्रत शर्मा, सुरेश दुबे सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार शिविर स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में 14 मई को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके चलते नये कलेक्टर बी के उइके ग्राम पंचायत रसेला पहुंचकर 14 मई को होने वाले सुशासन तिहार शिविर स्थल का निरीक्षण किया गया और जानकारी ली की शिविर स्थल पर पानी, बिजली, शौचालय, छायादार सहित सभी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया गया। ग्राम पंचायत रसेला में नये कलेक्टर का प्रथम आगमन होने पर सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही साथ कलेक्टर महोदय को सरपंच, उपसरपंच, पंच, पूर्व सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, रजनी बाई, ओंकार सहित सभी ने बाबा भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान पुस्तक का सप्रेम भेंट किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ, पटवारी, कार्यरोपण अधिकारी, पंचायत जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक, कोटवार आदि मौजूद थे।





## सशिमं फिंगेश्वर के परीक्षा परिणाम जारी

**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई। उक्त कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष रामू राम साहू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीनिवास, व्यवस्थापक पूनम यादव, पार्षद चांदनी कश्यप, पार्षद पदमा यदु, वार्ड नंबर 4 की पार्शउ ध्रुव थी। अतिथियों ने संबोधित कर सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए तथा असफल विद्यार्थियों को आगे कड़ी मेहनत करने कहा। रामू राम साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर क्षेत्र का एक गौरव है एवं उच्च शैक्षणिक एवं श्रेष्ठ संस्था है जिनके द्वारा केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि नैतिक शिक्षा के साथ संस्कार एवं मानव निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है जिनका उदाहरण यहां के भूतपूर्व छात्रगण है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य दीपक शुक्ला, प्रधानाचार्य सुरेश यादव, अनीता शर्मा, हेमलाल साहू, कमलेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों का अतिथियों ने सम्मान किया।



## जीवन में सदगुरु का आगमन पुण्योदय का संकेत : पं. अमन

### नरसिंह अवतार की कथा सुनकर भक्तजन पूरे समय हरि भजनों पर झूमते दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस शिक्षक कालोनी फिंगेश्वर में व्यासपीठ से बोलते हुए पंडित रामानुज अनिरूद्ध दास अमन शर्मा पंचकोसी धाम मौलीपारा फिंगेश्वर वाले ने कहा कि– कलयुग में कथा पंडाल में आकर बैठने मात्र से जीवन का



कल्याण निश्चित है।बशर्ते सुनने के भाव में पवित्रता,एकाग्रचित्त एवं विश्वास की भाव झलकनी चाहिए।कलयुग में दान को उत्तम बताया गया है जिसमें अन्न दान,गऊ दान,कन्या दान,भूमि दान आदि है।

भगवान भाव के भूखें हैं आप उन्हें जिस रूप में पुकारोगे भगवान उसी रूप में तुम्हें प्राप्त होंगे।भक्त प्रहलाद ने मां की कोख से ही भगवान नारायण को अपना आराध्य देव माना चुका था।जब प्रहलाद पांच साल के हुए तभी से नारायण नारायण कहते हुए उनके नामों को जपने लगा था। वे अपने पिता हिरण्यकश्यप के बार बार मना करने पर भी नारायण नाम लेना नही छोड़ा अंत में अपने पिता हिरण्यकश्यप का नरसिंह के हाथों मोक्ष दिलाया।

**भगवान कण कण में व्याप्त–** चतुर्थ दिवस में आगे बोलते हुए जड़ भरत के बारे में कहा जिसके मन निर्मल हो छल कपट से परे हो सभी को एक रूप अर्थात सम भाव देखे वही जड़ भरत हैं। जड़ भरत को जो भी काम मिला उसे ईश्वर का प्रसाद समझकर किया। हर प्राणी में ईश्वर का स्वरूप देखने वाला भरत की सरलता को देखकर एक समय राजा उसे मृत्यु दण्ड देना चाहते थे लेकिन वह भी भरत की सरलता को देखकर उनके भक्ति के आगे उनको झुकना पड़ा। भगवान के प्रति हमारा प्रेम निर्मल होना चाहिए न कि दिखावा। भगवान कण कण में व्याप्त हैं। ईश्वर अंश जीव अविनाशी चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात भगवान सुख को देने वाले हैं भक्त के लिए सदैव वे आगे रहते हैं। चतुर्थ दिवस के अवसर पर काफी संख्या में भक्त जन कथा पंडाल में आकर कथा का आनंद उठाया।

## सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कल्याण सिंह को दी विदाई



**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकास खण्ड छुरा के ग्राम मड़ेली के आदर्श प्राथमिक शाला मड़ेली में उच्च श्रेणी पद पर पदस्थ प्रधान पाठक कल्याण सिंह यदु निवास ग्राम लोहझर का 31साल की शिक्षकीय सफर में यदु ने निष्ठापूर्वक, गरिमामयी, संतोषजनक सेवा पूर्ण कर 31 दिसम्बर 2024 मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कल्याण सिंह यदु के विदाई समारोह 30 अप्रैल 2025 बुधवार को पूर्व माध्यमिक शाला परिसर मड़ेली आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, स्कूल प्रबंधन समिति, एवं ग्रामवासियों द्वारा वरिष्ठ शिक्षक कल्याण सिंह यदु के सेवानिवृत्त होने पर गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार के सदस्य,क्षेत्र के सभी सदस्य, क्षेत्र गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यदू सर को पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। विदाई समारोह में स्टाफ सहित ग्रामीण व छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।







## खबर संक्षेप

### अतरमरा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**पांडुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद थी। केजा बाई सोम सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा व येश कुमार सिन्हा उप सरपंच विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमप्रभा चतुर्वेदी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला अतरमरा ने की। कक्षा छठवीं में कुमारी नव्या साहू प्रथम, कुमारी अर्पिता निषाद द्वितीय, कक्षा सातवीं में गोपेश्वर साहू प्रथम तथा अमन कंवर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में कुणाल दीवान प्रथम व प्रियंका यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवांगी चतुर्वेदी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में केआर सिन्हा ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान विनोद सिन्हा, हेमंत विश्वकर्मा, बलराम साहू, गीता ध्रुव उपस्थित थे।

### जाति जनगणना का फैसला ऐतिहासिक : चंद्राकर

**गरियाबंद।** देश में आज़ादी के बाद पहली बार जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने इस ऐतिहासिक फैसले को मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना को मंजूरी देने के फैसले की देशभर में सराहना हो रही है। इसी कड़ी में जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया। अनिल चंद्राकर ने कहा यह फैसला करोड़ों वंचितों और पिछड़े वर्गों की आवाज़ को मजबूती देगा। अब सभी वर्गों की सही स्थिति सामने आएगी और उनके लिए योजनाएं ज़मीनी हकीकत के मुताबिक बनाई जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने यह फैसला लिया कि जाति जनगणना को मुख्य जनगणना प्रक्रिया के साथ ही कराया जाएगा। अनुमान है कि इसकी शुरुआत सितंबर में हो सकती है, जबकि अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में जारी होंगे। जिला अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि जाति जनगणना न सिर्फ सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि यह तय करने में भी मददगार होगी कि किन वर्गों को सबसे ज्यादा सहायता की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूर्ण होगी।

### धर्मेंद्र सिंह ठाकुर बने सम्भागीय अध्यक्ष

**पाण्डुका।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष श्री राजेश चटर्जी ने धर्मेंद्र सिंह ठाकुर,



प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोपरा को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन का सम्भागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर मिश्री लाल तारक, अध्यक्ष गरियाबंद, दयालूराम साहू, अध्यक्ष धमतरी, अविनाश तिवारी, अध्यक्ष बलौदाबाजार, चमन लाल चंद्राकर अध्यक्ष महासमुंद एवं देवमनी साहू, अध्यक्ष रायपुर ने आशा प्रकट की है कि धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के सम्भागीय अध्यक्ष बनने से संगठन और भी मजबूत होगा व शिक्षक हित के कार्यों में तेजी आएगी। श्री ठाकुर के सम्भागीय अध्यक्ष बनने पर यशवंत साहू, सोहनलाल सेन, सुरेश कुमार शर्मा, डोरेश मेहरा, केएल यादव, गिरीश बेहरा डीआर निषाद आदि अनेक पदाधिकारियों व शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ईश्वराम्मा सप्ताह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जगदलपुर।** श्री सत्य साईं सेवा समिति जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईश्वराम्मा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जो 30 अप्रैल से 6 मई तक संचालित हो रही है। बुधवार की संध्या कार्यक्रम के अंतर्गत वेद, प्रवचन एवं बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

अक्ति पर्व : गुड़िया की डोली, गुड्डे का सेहरा-मोहल्ले में मना सांस्कृतिक विवाह उत्सव

# बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़ियों की शादी; छाया उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अक्षय तृतीया (अक्ति) पर्व पर शिव दुर्गा चौक, वार्ड नंबर 1 और 2 में बच्चों द्वारा पारंपरिक गुड्डे-गुड़ियों के विवाह का भव्य आयोजन किया गया। जैसे-जैसे संध्या का समय हुआ, बच्चों ने घर के आंगन में आम के पत्तों से मंडप सजाया, रंगोली और चौक बनाकर सजीव विवाह की अनुभूति कराई। गुड्डे-गुड़ियों को पाटे पर बिठाया गया और विवाह की पूरी रश्में निभाई गई। जयमाला, टिकावन, बारात और चुलमाटी जैसे सभी अनुष्ठान हुए। बाजे-गाजे के साथ जैसे ही बारात निकली, मोहल्ले में कुछ क्षणों के लिए लगा मानो सचमुच किसी घर की बारात निकल पड़ी हो। मोहल्ले के लोगों ने पूरी तन्मयता से इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक पकवान तैयार किए और बड़ों ने बच्चों को टिकावन स्वरूप उपहार भी भेंट किए।

यह आयोजन केवल बच्चों के लिए खेल नहीं था, बल्कि संस्कृति और परंपरा को सहेजने का एक प्रयास था। खास बात यह रही कि यह आयोजन सिर्फ बच्चों तक सीमित नहीं रहा। घर के बड़े-बुजुर्ग भी बच्चों के इस प्रयास में उत्साह के साथ सहभागी बने। शिव दुर्गा चौक को स्थानीय लोग 'गोकुलधाम' के नाम से जानते हैं, क्योंकि यहां हर पर्व मिलजुल कर बड़े उत्साह से मनाया जाता है। होली, दीवाली, दुर्गा पूजा, गणेश चतुर्थी जैसे पर्वों पर मोहल्ले में 11 दिनों तक विशेष सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, जो क्षेत्र को जीवंत बनाते हैं।



### संस्कार और संस्कृति की जीवंत पाठशाला



समाजसेवी ललित साहू ने इस आयोजन को लेकर कहा की आज जब आधुनिकता के नाम पर हमारी संस्कृति और परंपराएं कहीं खोती जा रही हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा किया गया। यह आयोजन उम्मीद की एक नई किरण है। ये सिर्फ खेल नहीं था, बल्कि हमारी परंपराओं को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक माध्यम है। गुड्डे-गुड़ियों का विवाह केवल मनोरंजन नहीं, एक जीवंत परंपरा है जो बच्चों को समाज, विवाह की प्रक्रिया और संस्कारों की अहमियत सिखाता है।इस मोहल्ले की यही खूबी है कि यहां हर पर्व को पूरे मोहल्ले के लोग एक परिवार की तरह मनाते हैं। बच्चों को देखकर लगता है कि हमारी संस्कृति अब भी सुरक्षित हाथों में है। मैं विशेष रूप से उनके माता-पिता और मोहल्ले के बड़ों को बधाई देता हूँ जो इन आयोजनों को केवल 'बच्चों का खेल' नहीं मानते, बल्कि इसे एक सामाजिक पाठशाला की तरह समर्थन देते हैं। इस दौरान कनिष्का साहू, तनिष्का साहू, आशना सिंह, आरुषि सिंह, डबली साहू, लतिका निषाद, योगिता निषाद, भाविका निषाद, रुशिका सोनवानी, नमिक्षा, मुस्कान, अंशु, विनय, एकता, लता साहू, सोनी साहू, स्नेहा सिंह, परी रात्रे, गोल्डी रात्रे उपस्थित थे।

## रसेला में अक्षय तृतीय की धूम



**रसेला।** ग्राम नरतोरा में अक्षय तृतीया पर बच्चों ने मंडप बनाकर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया। शाम को टिकावन कार्यक्रम भी रखा। जिसमें जनपद सदस्य नारायण सिन्हा , बच्चों के पालक भी शामिल हुए। आयोजन में बच्चों ने अपने अपने घरों से सजावटी कपड़े, खिलौने, फूल और मिठाइयां जुटाकर एक छोटे से विवाह मंडप की रचना किया। समारोह की शुरुआत बच्चों ने मंगलाचरण और हल्दी मेहंदी रस्मों के साथ किया गुड्डे को दुल्हा और गुड़िया को दुल्हन के रूप में सजाया गया। बच्चों ने परिवार के बड़े बुजुर्गों से सीखें हुए पारंपरिक विवाह मंत्रों और गीतों को गाकर वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। विवाह की सारी रस्में कन्यादान, फेरे और विदाई भी प्रतीकात्मक रूप से निभाई गई। बच्चों ने मंगलवार को देवतला व चिकट का आयोजन किया बुधवार को सुबह के समय हल्दी की रस्म कर बाजा के धुन पर बालिकाओं ने जमकर नृत्य किया। दोपहर 3 बजे बारात निकाली गई। इस मौके पर लतेलु राम सिन्हा, जोधन यादव, हेमंत सिन्हा, संतोष यादव, सोहन, उर्मिला, सावित्री, विद्या बाई, सीता बाई,डकेश्वरी, रामसिंह, भगवान सिंह, होलिका बाईं, महावीर, अवध राम, गोमती बाई, सुमित्रा, बिटावन बाई, भूपेन्द्र, धानबाई लीला राम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गिधनी में पुतरा-पुतरी विवाह रचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



ग्राम गिधनी में अक्षय तृतीया का पर्व बुधवार को हर्षाउल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन मान्यता है कि बिना पंचांग देखे सवे सिध्द मुहूर्त के रुप में विशेष महत्व है। सभी कार्य के लिए बहुत ही शुभ माना गया है इस दिन को अक्ती का पर्व कहा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में बैगाओं द्वारा ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। धान बीज निकालकर कृषकों को वितरण किया गया। किसान नए मिट्टी पात्र व टोकरी में धान भर कर नई फसल लिए किसान पूजन अर्चन व नारियल तोड़कर सुख समृद्धि की कामना कर खेत में धान बुवाई की शुरुआत की विकासखंड के दर्जनों गांवों में अक्षय तृतीया पर मिट्टी से बने गुड्डा-गुड़ियों का विवाह रचाया गया। बता दें कि गांव के छोटे- बड़े युवाओं महिलाएं बुजुर्ग द्वारा पुतरा-पुतरी का विवाह पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मंडप सजाया गया। और विवाह का रस्मों का अनुकरण किया गया जिसमें चुलमाटी से लेकर तेल हल्दी बारात स्वागत से लेकर टीकावन सभी नेग दूस्तर के साथ विधि विधान से गुड्डा-गुड्डी का विवाह रचाया गया। टीकावन में गुड्डा-गुड्डी का पीले अक्षत टीककर आशीर्वाद प्रदान किया गया।टीकावन में लोग रुपये पैस देकर बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया।

## ठाकुर देव को धान अर्पित कर मनाया अक्षय तृतीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



पाण्डुका में अक्षय तृतीया (अक्ति तिहार) का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व गांव में बेहतर फसल उत्पादन और प्रकृति के प्रति आभार जताने के उद्देश्य से सालों से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिला सेवा समिति के दुवारा ठाकुर देव की मूर्ति की स्थापना भी की गांव के प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजा की गई। इसके बाद उस धान को टोकरी में भरकर गांव के बैगा के द्वारा छिड़का गया। इस दौरान कुछ बच्चे हल, कुल्हाड़ी और पानी लेकर गोल-गोल घूमते हुए नेंग की रस्म निभाते नजर आए। गांव ग्रामीण मिलकर ठाकुर देव, ठाकुर दाई और प्रकृति का स्मरण करते हुए अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना करते हैं। इस अवसर पर गांव के सभी लोग अपने-अपने घर से परसा पान के दोने में धान लेकर पहुंचे और पूजा स्थल पर अर्पित किया। इसके बाद उसी धान को पुनः अपने घर लाया गया। घर पहुंचने से पहले महिलाएं आंगन में पानी अर्पित कर आशीर्वाद लेती हैं। फिर उस धान को खेतों में ले जाकर नेंग किया जाता है। जो फसल की शुभ शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू, सरंक्षक भवानी शंकर सोनी, डुमन साहू, विक्रमादित्य साहू, बिसन साहू, पुनीत साहू, चमन देवांगन, शिवा साहू, सालिक राम साहू, ईश्वर साहू, राजेन्द्र साहू, अहिल चक्रधारी, रतिराम साहू, केवल साहू, कन्हैया चक्रधारी साहित बहुत अधिक संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

## रवेली के किशोर यादव का अग्निवीर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के छुरा ब्लांक अतंर्गत ग्राम रवेली निवासी किशोर कुमार यादव उम्र 19अग्निवीर के लिए चयन हुआ है। रायगढ़ में आयोजित अग्निवीर परीक्षा में किशोर का हुआ है। अब आगे अग्निवीर की ट्रेनिंग बैंगलोर में आयोजित होगी। बता दे है कि किशोर की स्कूली शिक्षा गांव से हुए हैं। किशोर ने स्कूली पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने के लिए दौड़, ऊंची, कूद, लंबी कूद एवं अन्य खेल मापदंड के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। देश सेवा की भावना से प्रेरित किशोर ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है।किशोर यादव के अग्निवीर में तैयारी के दौरान आ पिता निर्मल यादव एवं माता नंदनी यादव, दादा पंचराम यादव, दादी पार्वती यादव, चाचा चाची नरेश यादव, डेश्वरी यादव, टीकम डीगेश्वरी यादव, हेमंत तेजेश्वरी यादव के सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग एवं उत्साहवर्धन किया है। शीतल ध्रुव सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव, नीलकंठ सिंग ठाकुर सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष, पुनितराम ठाकुर सर्व आदिवासी समाज जिला मीडिया प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोरी, सरपंच रुपऊ राम ध्रुव, शिक्षक प्रेमनारायण ध्रुव, समाजसेवी मनोज पटेल रेखराम ध्रुव, प्रकाश निर्मलकार, ठंकेश्वर चन्द्राकर, पत्रकार तेजराम ध्रुव सहित ग्रामीण जनों ने शुभकामनाएं दी है।



ट्रेनिंग के लिए बैंगलोर रवाना

### घटकर्रा स्कूल के प्राचार्य एस कुजूर व एस हीरा को दी विदाई



**पाण्डुका।** हाई स्कूल घटकर्रा में सेवारत प्राचार्य एस .कुजूर एवं एस. हीरा नायडू का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय परिवार के साथ बड़े संख्या में ग्रामीण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार से संजय वर्मा, दीपक नाग, लक्ष्मी दीवान, ओमप्रकाश साहू, उमेश साहू, वीरेंद्र साहू, टीकेश साहू, तारेंद्र निर्मलकर, रितुपर्णा साहू, बिराजो साहू द्वारा स्मृति भेंट कर दोनों का सम्मान किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुणित राम साहू, सरपंच पार्वती कंवर सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र कंवर, उप सरपंच मन्नू पटेल, पंच सुखबाई कंवर,पालक सदस्य ईश्वर लाल साहू, धीरपाल साहू, गेंदुराम साहू, गिरवर कश्यप, लालजी साहू, चेतन दीवान, ओमप्रकाश दीवान, खुश राम पटेल, रमेश कुमार ध्रुव, गिरवर साहू, लक्ष्मण साहू, दिनेश साहू, नीलकमल साहू, आसरा, चित्रसेन निर्मलकर, यामिनी साहू, केशर साहू, किरण विश्वकर्मा, सत्यभामा पटेल,दशोदा बाई यादव द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश वर्मा द्वारा किया गया। साथ ही विद्यालय का कक्षा नवमीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय में कु.देविका पिता ईश्वर साहू घटकर्रा 97% से साथ प्रथम, कु.वीना पिता नीलकमल साहू आसरा 96% द्वितीय, कु.मेघा पिता गौतम कुमार आसरा 93% तृतीय, कु.रीना पिता चित्रसेन निर्मलकर चतुर्थ, कु. दामिनी पिता लोमश राम साहू आसरा 86% पंचम व कु.वंदना पिता महेंद्र निर्मलकर घटकर्रा 84% छटवें, कु.डाली पिता नंदकुमार घटकर्रा 80% के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

## कुड़ेरादादर स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



संकुल क्षेत्र मुढीपानी के वनांचल क्षेत्र में संचालित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला कुडेरादादर के 30 अप्रैल को शिक्षा सत्र 24 -25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जो शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विमला नागेश, अध्यक्षता माध्यमिक शाला के अध्यक्ष कृष्णा साहू, विशेष अतिथि प्राथमिक शाला अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रकाश दीवान, नारायण सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल घनश्याम साहू सहित सभी अतिथिगण मंच पर आसीन थे। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गोवर्धन यदु ने कक्षा पहली से पांचवीं तक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पहली कक्षा में प्रथम यशवंत नायक, दूसरी में प्रथम कुशाग्र, कक्षा तीसरी से प्रथम रणवीर नेताम, कक्षा चौथी में प्रथम पुनम, वहीं कक्षा पांचवीं मे प्रथम अक्षत साहू द्वितीय गौरपी साहू ने स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा छठवीं से आठवीं तक परीक्षा परिणाम प्रधानपाठक देवानंद नेताम ने घोषित किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से प्रथम कुमारी धरमीन, द्वितीय निशा, कक्षा सातवीं में प्रथम डिप्पल साहू, द्वितीय प्रेरणा एवं प्रियांशी तथा कक्षा आठवीं में प्रथम आने वाले कुमारी पूर्णिमा और द्वितीय कुः गेनेश्वरी रहा। जनपद सदस्य विमला नागेश ने कहा कि परीक्षा में पास होना ही महत्वपूर्ण नहीं है, जीवन जीने के लिए हर क्षेत्र में आगे होना चाहिए। जिसके लिए संघर्ष के पथ पर चलना जरूरी होती है। आगे पढाई के साथ हर बच्चे को सेवा, समर्पण, त्याग, तपस्या, संस्कृति और संस्कारित शिक्षा की जरूरत है। घनश्याम साहू ग्राम पटेल ने कहा कि सफलता का एक ही मूल मंत्र है। कड़ी मेहनत, खूब पढ़िए और हमेशा आगे बढ़िए। इस मौके पर दीपचंद साहू, ओमप्रकाश नायक, कुलेश साहू, शिक्षक चोवा पहाडिया, पीलेश्वर, सुकाला बाई, पीला बाई, पुनिया बाई सहित पालकगण, ग्रामवासी सहित छात्र - छात्राओं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बालमुकुंद साहू और आभार व्यक्त देवानंद नेताम ने की।

विधायक का बारूला में सभा, विकास कार्य का होगा भूमिपूजन

# गौ सेवा आंदोलन को ग्राम जनजागरण यात्रा से मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के निर्देशानुशार आदर्श गौ शाला फिगेंश्वर के तत्वावधान में गौ ग्राम जन जागरण के लिए रथयात्रा की द्वितीय चरण 1 मई को सोनेसिली लचकेरा, कोसुमखुटा, जामंगाव, सरगोड भेंडरी, बोरीद बिरोड़ा, दर्रीपार में निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के जागरूक गौ सेवको ने गौ सेवा को आंदोलन बनाने जनजागरण यात्रा को भारी समर्थन दे रहे हैं। रथ जिस गांव में पहुंच रहे हैं वहां की महिलाएं रथ में सवार गौमाता मुर्ती की आरती पूजा कर रहे हैं। और प्रमुख वक्ता गौ शाला अध्यक्ष चन्द्रशेखर हरित, गायत्री परिवार के पुरोहित परमानंद महराज द्वारा गौ माता को महत्व को बताए को समझ रहे हैं। साथ में ओमप्रकाश साहू, लखन साहू, जगदीश साहू, कृपा राम यादव, चित्रंरजन,लिखन शरण, जागेश्वर साहू, अमृत यदु, नोश साहू ग्राम यात्रा में पहुंच रहे हैं।

**स्वदेशी चेतना को पुनर्जीवित करने का महाअभियान-** चन्द्रशेखर हरित ने बताया कि गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के तहत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर गौसेवा, आत्मनिर्भर गौग्राम, स्वदेशी विचार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यात्रा का नेतृत्व आदर्श गौ शाला फिगेंश्वर कर रहा है। अमृत यदु आयोजन से जुड़े वक्ता ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और स्वदेशी चेतना को पुनर्जीवित करने का महाअभियान है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को गौ आधारित आत्मनिर्भर ग्राम के रूप में विकसित करने जनमत तैयार करना है। परमानंद महराज ने कहा की यात्रा के माध्यम से गौमाता की महिमा, ग्राम्य स्वावलंबन, भारतीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### आज गौ यात्रा बारूला में, प्रज्ञा भारती को सुनने पहुंचेंगे लोग



गौ ग्राम जनजागरण यात्रा के तहत 2 मई को 5 बजे ग्राम पंचायत बारूला के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि महामंडलेश्वर प्रज्ञा भारती होंगे। वहां वह बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। जिसे सुनने क्षेत्र के लोग पहुंचेंगे। वहीं कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, गौ यात्रा संयोजक भूनेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू, सरपंच सुगदेव साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, पूर्व सरपंच रामबाई साहू, पंचगण बारूला होंगे।

